राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर की केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा

## राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा बेहद अहम, बढ़ाएं शिक्षा का स्तर – राज्यपाल

## गरीब व वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कटिबद्ध रहकर जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र लोगों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

जयपुर/भीलवाड़ा, 2 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि गरीब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए विभागीय अधिकारी हमेशा कटिबद्ध रहे। जिले के अंतिम छोर तक बैठे प्रत्येक वंचित एवं पात्र व्यक्ति को विकास कार्यक्रमों व योजनाओं से लाभान्वित करें ।

राज्यपाल श्री बागडे सोमवार को दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे । राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा की ।

श्री बागड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वंचित रहे शेष पात्र लोगों को आवास हेतु ऋण स्वीकृत कराए साथ ही गर्मी के मौसम में तापमान को कम करने के लिए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप पौधे लगाए एवं पूर्व में लगाए गए पौधों में से वर्तमान में जीवित पौधे कितने उनका रेंडम सर्वे करवाया जाए।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों की जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि वर्तमान में डामरीकरण से शेष रही सड़कों को सांसदधविधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना या अन्य मद से बजट उपलब्ध करवाकर आगामी समय में सड़के बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन में आसानी हो। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शत प्रतिशत हर घर जल कनेक्शन करना सुनिश्चित करें ।

**राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा बेहद अहम, बढ़ाएं शिक्षा का स्तर – राज्यपाल**

राज्यपाल श्री बागडे ने शिक्षा विभाग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा बेहद अहम है। शिक्षा का स्तर ओर भी ज्यादा बढ़ाया जाए इसके लिए जिन विद्यालयों में नामांकन कम है वहां शिक्षा के प्रति परिवारजनों को जागरुक कर नामांकन बढ़ाएं।

उन्होंने कृषकों, दुग्ध उत्पादकों, स्ट्रीट वेंडर, श्रमिकों सहित अन्य को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अब तक वंचित रहे पात्र लोगों को जल्द लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत वितरण, पेयजल सहित महत्वपूर्ण विभागों की जिले में प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के समस्त आमजन को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाएं गांव गरीब लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है इसमें तेजी से प्रगति लाना सुनिश्चित करें ।

राज्यपाल श्री बागडे ने समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति हो। कोई भी व्यक्ति इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे इसके लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना सुनिश्चित करें ।

जिला कलेक्टर ने पौधा भेंट कर किया स्वागत

बैठक प्रारंभ होने से पूर्व जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने राज्यपाल के आगमन पर पौधा भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में जिला कलेक्टर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्यपाल को भीलवाड़ा जिले के भौगोलिक व प्रशासनिक परिदृश्य , इतिहास एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया ।

-----




माननीय राज्यपाल महोदय




माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक
दिनांक : 02 जून 2025
समय : 09:30 बजे
स्थान : कलक्ट्रेट सभागार, भीलवाड़ा